बर्षः- 06
अंकः- 24
मुरादाबाद
(Friday)
15 May 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## प्रतीक की बेटियों को चाचा शिवपाल ने संभाला, भावुक हुए अखिलेश... ससुर ने दी चिता को मुखाग्नि

राजधानी लखनऊ के बैकुंठधाम में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अपर्णा यादव के पिता व प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। राजधानी लखनऊ के बैकुंठधाम में सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अपर्णा यादव के पिता व प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर मुलायम के बड़े बेटे अखिलेश यादव व चाचा शिवपाल सिंह यादव सहित पूरा





परिवार मौजूद रहा। चाचा शिवपाल सिंह यादव ने दोनों बेटियों को संभाला और उन्हें सांत्वना दी। भारी माहौल के बीच ससुर अरविंद ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान मौजूद सभी लोग भावुक हो गए।यह पूरे यादव परिवार के लिए एक मुश्किल समय था। अखिलेश



यादव ने कहा कि प्रतीक एक अच्छा इंसान था और अपनी मेहनत के दम पर काफी कुछ हासिल करना चाहता था।प्रतीक यादव की दोनों बेटियां भी इस दौरान वहां मौजूद थीं। उन्हें चाचा शिवपाल सिंह यादव ने संभाला।चिता को मुखाग्नि देते अपर्णा यादव के पिता अरविंद सिंह बिष्ट।अखिलेश यादव के साथ मौजूद धर्मेंद यादव।प्रतीक यादव की मौत फेफड़ों में रक्त का थक्का जमने से हुई थी।संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे पुत्र प्रतीक यादव का हृदय गति रुकने और फेफड़ों में रक्त का थक्का जमने से निधन हो गया था। बृहस्पतिवार को उनके पार्थिव शरीर का लखनऊ के बैकुंठधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गयाबैकुंठधाम में प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। अपर्णा यादव के पिता व प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर मुलायम के बड़े बेटे अखिलेश यादव व चाचा शिवपाल सिंह मौजूद रहे। प्रतीक की दोनों बेटियां भी मौजूद रहीं। चाचा शिवपाल सिंह यादव ने दोनों बेटियों को संभाला और उन्हें सांत्वना दी। भारी माहौल के बीच ससुर अरविंद ने चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान मौजूद सभी लोग भावुक हो

गए।लखनऊ के बैकुंठधाम में प्रतीक यादव का अंतिम संस्कार किया गया। अपर्णा यादव के पिता अरविंद सिंह बिष्ट ने उन्हें मुखाग्नि दी।प्रतीक यादव का पार्थिव शरीर अंतिम संस्कार के लिए बैकुंठधाम लाया गया है। अब से कुछ ही देर में अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस समय बड़ी संख्या में यादव परिवार से जुड़े लोग मौजूद हैं। प्रतीक का अंतिम संस्कार उनके ससुर अरविंद सिंह बिष्ट करेंगे।पति को अंतिम यात्रा पर भेजने से पहले अपर्णा यादव खुद को संभाल नहीं सकीं और फूट-फूटकर रो पड़ीं।प्रतीक यादव की अंतिम यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। उनका अंतिम संस्कार बैकुंठधाम में किया जाएगा। इस दौरान पूरा यादव परिवार मौजूद है।प्रतीक यादव को श्रद्धांजलि देने के लिए यूपी सरकार के मंत्री भी पहुंचे। मंत्री ओम प्रकाश राजभर व बेबी रानी मौर्य ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।चाचा शिवपाल सिंह यादव ने अपने परिवार के साथ अंतिम

दर्शन किए और उन्हें श्रद्धांजलि दी।प्रतीक यादव का कुछ ही देर में अंतिम संस्कार होना है। अंतिम यात्रा के लिए गाड़ी को फूलों से सजाया गया है। कुछ ही देर में अंतिम यात्रा विक्रमादित्य मार्ग स्थित प्रतीक यादव के घर से बैकुंठ धाम के लिए रवाना होगी। सांसद डिंपल यादव ने अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।प्रतीक यादव के निधन पर लखनऊ की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा, यह बहुत दुखद है, खासकर अपर्णा के लिए, जिनकी दो छोटी बेटियां हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने प्रतीक यादव के निधन पर कहा कि यह दुखद घटना है। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवार को दुख सहने की शक्ति दें।उत्तर प्रदेश



के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यह अत्यंत दुखद क्षण है। प्रतीक यादव हमें असमय छोड़कर चले गए। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ईश्वर पूरे परिवार को इस असहनीय पीड़ा को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।अपर्णा यादव ने अपने पोस्ट में परिवार के लिए इस समय को बेहद दुखद बताया है। उन्होंने सभी से अंतिम संस्कार में गरिमामयी उपस्थिति की प्रार्थना की है। कई नेताओं ने प्रतीक यादव के निधन पर दुख व्यक्त किया है।प्रतीक यादव के आकस्मिक निधन के बाद विक्रमादित्य मार्ग स्थित उनके आवास पर सुबह से ही संवेदना व्यक्त करने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। दो सौ मीटर तक प्रतीक के चाहने वालों का तांता लगा रहा। स्थिति को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और मुख्य द्वार से लेकर दो सौ मीटर तक पुलिस तैनात रही। सुबह आठ बजे से ही प्रतीक यादव के आवास पर रिश्तेदारों, करीबियों और समर्थकों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। आवास के मुख्य द्वार से करीब सौ मीटर तक लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। हर चेहरा गमगीन था और हर आंख नम।



## संक्षिप्त समाचार

### अस्पताल बना मंडप, आईसीयू में भरी मांग, फेरों से पहले निभा दिया वचन; इसलिए दुल्हन को कराना पड़ा था भर्ती

गोरखपुर में शादी के दिन सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर दुल्हन को आईसीयू में भर्ती कराया गया। दुल्हन के दरवाजे पर द्वारपूजा और अन्य रस्में पूरी करने के बाद दूल्हा अस्पताल पहुंचा सात जन्मों तक साथ निभाने का वचन दिया। दूल्हे ने आईसीयू में युवती की मांग भरी।बदकिस्मती भरे एक हादसे से मद्धम पड़ती खुशियों की रौनक को दो परिवारों की आपसी समझ और जज्बातों ने नई रंगत दे दी। शादी के दिन हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद आईसीयू में पड़ी दुल्हन की मांग भावनाओं के सिंदूर से सजाकर दूल्हे ने एक नई मिसाल पेश की। बुधवार को दुल्हन के दरवाजे पर द्वारपूजा और अन्य रस्में पूरी करने के बाद दूल्हा अस्पताल पहुंचा सात जन्मों तक साथ निभाने का वचन दिया। बांसगांव के हटवार गांव की रहने वाली पूजा यादव का रिश्ता परिवार के लोगों ने महादेवा बाजार के महुआ निवासी सन्नी यादव से तय किया था। नवंबर 2025 में यह रिश्ता तय होने के बाद 13 मई को शादी के लिए पूजा के घर बरात आनी थी। घर में मंगल गीत गूंज रहे थे। नई जिंदगी के सपने संजोए पूजा एलएलबी अंतिम सेमेस्टर की अपनी परीक्षा देने भाई के साथ खलीलाबाद स्थित कॉलेज के लिए निकली तो परिवार की महिलाओं ने हंसी-ठिठोली करते हुए बलाएं उतारी थीं। बदकिस्मती भरे एक हादसे से मद्धम पड़ती खुशियों की रौनक को दो परिवारों की आपसी समझ और जज्बातों ने नई रंगत दे दी।

## दिल्ली में एक और निर्भया कांड!: बस में सामूहिक दुष्कर्म मामले को लेकर को भड़की AAP केजरीवाल - सिसोदिया बरसे

रानीबाग इलाके में सोमवार रात चलती स्लीपर बस में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मंगोलपुरी स्थित फैक्टरी में काम करने वाली महिला घटना के समय काम खत्म कर घर जा रही थी। आरोप है कि बस में सवार चालक और हेल्पर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास बस से फेंककर भाग गए। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर हमला बोला है। दिल्ली में चलती स्लीपर बस में 30 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आने के बाद सियासी घमासान तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी ने घटना को लेकर भजपा सरकार पर हमला बोला है। ये हादसा पूरे समाज के लिए कलंक है– केजरीवाल-आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने इस घटना को लेकर सोशल मीडिया पर लिखा, हमने निर्भया से कुछ नहीं सीखा। ये हादसा पूरे समाज के लिए कलंक है। आप नेता मनीष सिसोदिया ने सोशल मीडिया पर लिखा, दिल्ली में एक और निर्भया कांड! चलती बस में फिर से सामूहिक दुष्कर्म! दिल्ली में बीजेपी के सारे इंजन ठप हो चुके हैं। स्कूल में



बच्चियां सुरक्षित नहीं, बसों में सुरक्षित नहीं। क्या है पूरा मामला रानीबाग इलाके में सोमवार रात चलती स्लीपर बस में महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मंगोलपुरी स्थित फैक्टरी में काम करने वाली महिला घटना के समय काम खत्म कर घर जा रही थी। आरोप है कि बस में सवार चालक और हेल्पर ने उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास बस से फेंककर भाग गए। पीड़िता को पुलिस ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया और उसके बयान पर मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए बस को जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक, 30 साल की महिला अपने पति और दो बच्चों के साथ पीतमपुरा इलाके में रहती है। उसके पति को टीबी की बीमारी है। वह मंगोलपुरी स्थित फैक्टरी में काम करती है। रानीबाग थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक सोमवार रात वह काम करने के बाद घर जा रही थी। सरस्वती विहार इलाके में वह बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक स्लीपर बस आकर वहां रुकी। महिला ने दरवाजे पर खड़े व्यक्ति से टाइम पूछा। आरोप है कि इसी दौरान आरोपी ने उसे बस के अंदर खींच लिया और चालक से बस चलाने के लिए कहा। इस दौरान बस में मौजूद दो आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। नांगलोई मेट्रो स्टेशन के पास महिला को बस से फेंककर वहां से भाग गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की, जिसमें पता चला कि बस दिल्ली से बिहार के बीच चलती है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मंगलवार को बस को जब्त कर आरोपी बस चालक और हेल्पर को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## 125 दिन रोजगार गारंटी से बदलेगी गांवों की तस्वीर, केशव मौर्य बोले-एक जुलाई से लागू होगा नया अधिनियम

केशव मौर्य ने कहा कि 125 दिन रोजगार गारंटी से गांवों की तस्वीर बदलेगी। विकसित भारत-जीरामजी अधिनियम-2025 एक जुलाई से लागू होगा। राजधानी लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकसित भारत-जीरामजी अधिनियम-2025 ग्रामीण विकास को नई दिशा देगा। इस कानून के लागू होने से गांवों में विकास कार्य स्थानीय जरूरतों के आधार पर तय होंगे और हर ग्रामीण परिवार को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिन की गारंटी के साथ रोजगार



का अधिकार मिलेगा। उन्होंने बुधवार को कहा कि नया अधिनियम एक जुलाई 2026 से लागू होगा। इसके तहत ग्राम सभा और ग्राम पंचायत की सक्रिय भागीदारी से विकास योजनाएं तैयार की जाएंगी। वर्तमान में मनरेगा के तहत 100 दिन रोजगार की व्यवस्था है। नई व्यवस्था में इसे बढ़ाकर 125 दिन किया गया है। अधिनियम के तहत जल संरक्षण परियोजनाओं, आजीविका से जुड़े कार्य और मौसम की मार से बचाव वाले काम प्राथमिकता में रहेंगे। नई व्यवस्था से श्रमिकों को कोई परेशानी नहीं होगी और वर्तमान कार्य जारी रहेंगे। जिन श्रमिकों का ई केवाईसी पूरा हो चुका है उनके मौजूदा जॉब कार्ड अस्थायी रूप से मान्य रहेंगे। लंबित ई केवाईसी से किसी श्रमिक को रोजगार से वंचित नहीं किया जाएगा।

## सपा सांसद के विरुद्ध भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन, सदस्यता रद्द किए जाने की मांग

हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी संसदीय सीट से सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी के एक विवादित बयान से प्रदेश की सियासत में उबाल आ गया है। सपा सांसद के विवादित बयान के विरोध में पीलीभीत में भाजपा महिला मोर्चा ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने पीलीभीत कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन



किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर एकत्र होकर नारेबाजी की। %प्रधानमंत्री का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान% जैसे नारों के साथ अपना आक्रोश व्यक्त किया। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की आधी आबादी के सम्मान और सुरक्षा के प्रतीक हैं। उनके विरुद्ध अमर्यादित भाषा समाजवादी पार्टी की संकीर्ण एवं ओछी मानसिकता को प्रदर्शित करती है। परिहार ने कहा कि सपा सांसद अजेंद्र सिंह लोधी की अशोभनीय भाषा अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुप्पी भी उनकी मानसिकता को उजागर करती है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सांसद द्वारा सार्वजनिक रूप से माफी नहीं मांगी गई तो विरोध प्रदर्शन प्रदेश ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी किया जाएगा।सपा को बताया महिला विरोधी - जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाली सपा का महिला विरोधी चरित्र एक बार फिर सामने आया है।

## संपादकीय Editorial

### The Question of Leaders' Stature

The local body elections in Himachal will measure the political stature of prominent leaders and serve as a testament to the organizational strength of the Congress and BJP. Particularly where parties wearing electoral symbols are floundering in municipal corporations, leaders will realize their own standing. Thanks to Mandi and Solan, as well as the Dharamshala and Palampur municipal corporations in Kangra district, these elections are viewing leaders with an eye toward the upcoming assembly elections. We are observing the opposition's style and the leaders' association with power in these elections. Will big leaders emerge from the small door or will counterfeit coins emerge from the big door? The BJP strengthened every claim to victory in the political camp, and the legacy of Solan city emerged for the party's state president. The victory cry of former Chief Minister Jai Ram Thakur, the magician of Mandi and advocate of the power place, brings a sense of spring-like freshness to every political debate. Vikramaditya Singh also assumed full responsibility here. Chief Minister Sukhwinder Sukhu will undoubtedly be sought everywhere, but will these elections return the dividends of power? If both parties are to achieve a rainbow of electoral success, the Palampur-Dharamshala election results will be attributed to several leaders. Will previous results be easily reversed this time, or will the political equations be viewed with surprise in the gap between the ruling party and the opposition? We said that this is electoral leadership, which in Kangra is not a BJP versus Congress issue. In Palampur, the BJP's Vipin Singh is seen as the heart of Kangra, while the dynamic leader Trilok Kapoor is seen as the face of the assembly elections. There is no doubt that for Trilok Kapoor, who has expanded Palampur's municipal council, with a population of just three thousand, to include several villages in the municipal corporation, this is not an election but a political platform. Palampur will determine Vipin Singh Parmar's stature in Kangra and how much influence he has in the assembly constituency this time. If Palampur's political traditions, amidst the tea gardens and aura of the Butail family, are blessed, they could render the pronouncements of Shanta Kumar, the patriarch of politics, irrelevant. Palampur itself is a victim of its own leaders. It remains to be seen whether civil society is ready to change the thinking of the Municipal Corporation, unlike the Municipal Council, or whether the political turmoil will continue to simmer. In the absence of leaders, the question of power in the Dharamshala Municipal Corporation is being challenged by the Congress. Sudhir Sharma's departure from the Congress party has generally increased the Bali family's prejudice in Dharamshala. The previous municipal corporation team was full of R.S. Bali's favorite faces, so the Congress was the first to garland him. Surprisingly, as nominations were filed and the BJP's buzz grew in the neighborhood, R.S. Bali was relegated to the back row, and now Viplav Thakur is performing this duty, while veteran leader Chandra Kumar is offering his blessings. As many issues of Smart City are scattered in Dharamshala, as many questions will be asked. Among the new leaders of Kangra, the departure of RS Bali, who has become the head of the government, from the mainstream is surprising, because this leader, who holds the tag of the capital of tourism, has been superior to all. Not only this, if this leader, laden with the laurels of fame, is staying away from the field even after getting the dilapidated bus stand of Dharamshala named after his father, then the duo of Pawan Kajal and Sudhir Sharma from the BJP will feel relieved in showing their skills. If there is a rebel group in the courtyard of the parties.

# Vijay in Tamil Nadu

Joseph Vijay's government in Tamil Nadu will face inexperience, populist promises, and the complexities of Dravidian politics. Following the swearing-in of the BJP government in Bengal, the wait is now for the formation of a government in Tamil Nadu, another state with an unexpected election result. Since TVK leader Joseph Vijay has garnered support from the Congress, the CPI(M), the CPI, the VCK, and the Indian Union Muslim League, which broke away from the DMK, his swearing-in as Chief Minister is beyond doubt. Vijay's rapid ascent from actor to politician is nothing short of miraculous. He formed his party two years ago and reached power in his first attempt. His victory underscores the unique craze for film stars in Tamil Nadu. This is precisely why film personalities like Karunanidhi, MGR, and Jayalalithaa have made their mark in politics. It's difficult to predict the political impact Vijay will make as Chief Minister, as he has no administrative experience. His government will be dependent on the support of five parties, so despite his popularity as an actor, governing will not be easy for him. It's true that Tamil Nadu is a relatively prosperous state, but given the sheer number of populist promises Vijay has made, fulfilling them will be difficult for him. Why do politicians in economically strong Tamil Nadu have to make so many populist promises? The answer to this question seems to be that a section of the state still remains mired in poverty. This is an anomaly. It's doubtful whether poverty can be alleviated by distributing freebies. In Vijay's case, it's also important to see whether he will pursue his politics in the same vein as the Dravidian parties or will he take a new path? It's no secret that Dravidian parties have been engaging in anti-Hindi politics, engaging in confrontation with Delhi, the central government, and in the name of Tamil identity, they have also been trying to promote Tamilism as if the state is distinct from the rest of the country. This Tamilism has often smacked of Kshatriya narrow-mindedness, along with a certain separatism. At present, it's difficult to know the ideology of Joseph, a Christian, and his political party. Isn't it strange that he considers the BJP a religious party, but not the Muslim League? Indeed, there are many questions about Vijay. One of these is whether his coming to power will intensify the conversion campaigns of Christian missionaries?

# The Challenge of Bringing Bengal Back on Track

The issue of women's insecurity in Bengal also surfaced, as the rape and murder of a doctor from RG Kar Medical College and incidents of violence and abuse against women in Sandeshkhali shocked the people. TMC's defeat: misgovernance, Muslim appeasement, and infiltration ignored. Bangladeshi infiltration has changed the demographics of Bengal, becoming an election issue. Law and order and preventing political violence pose major challenges for the BJP government. As soon as the Special Intensive Revision (SIR) process of voter list (SIR) began in West Bengal, Mamata Banerjee vehemently opposed it and even approached the Supreme Court. The Supreme Court not only upheld the SIR but also ordered its continuation. Furthermore, it entrusted judicial officers with monitoring the process. Mamata Banerjee also opposed the deployment of a large number of central forces in the state to ensure free and fair elections, even though the Election Commission deserves credit for the absence of violence before and during the elections. Despite this, Mamata blamed the Election Commission for her defeat. By refusing to resign, she displayed childish political behavior. Undoubtedly, like in other states, millions of names of deceased, relocated, and duplicate voters were removed from the voter list in Bengal, but this cannot be used to conclude that the Trinamool Congress (TMC) lost due to the SIR. This allegation is proven false by the fact that the TMC won 13 of the 20 seats where the highest number of names were deleted. There is no denying that there may have been some discrepancies in the SIR, as no process is 100% accurate. But blaming the SIR for the TMC's defeat is an attempt to ignore the fact that Mamata's rule had become synonymous with misgovernance. Mamata, in power for 15 years, had crossed all limits of Muslim appeasement. In response, Hindus rallied behind the BJP, leading to its unexpected victory. The TMC's defeat was also due to Mamata herself becoming unpopular. This was due to illegal extortion and seizure of public property by their leaders and workers. The issue of women's insecurity in Bengal also came to the fore, as the rape and murder of a doctor from RG Kar Medical College and the violence and abuse of women in Sandeshkhali shocked the people. This further deepened the anti-incumbency sentiment against the TMC. Instead of admitting her mistakes, Mamata Banerjee is claiming that she has not lost, but has been defeated, which reflects her frustration. For the first few decades after independence, the Congress ruled Bengal, followed by the Left parties for more than three decades. When the Left's rule became synonymous with misgovernance, people supported Mamata Banerjee, who challenged them with the slogan of change, but gradually she too adopted the Left's tactics. One reason for this was that many leaders and workers of the Left parties joined the TMC. Mamata Banerjee, who once opposed Bangladeshi infiltration, began to ignore them in her greed for power and retention. She continued to deny the fact that infiltration was taking place from Bangladesh. She began defending the infiltrators, while the Hindu community was witnessing how Bangladeshi infiltrators had altered the demographics of Bengal's border areas, like Assam. This demographic change was creating social imbalance and hurting Hindu identity, and also posing a threat to the state's security. Just as infiltration issue in Bengal, so became an election too in Assam, and this led to the BJP's third consecutive victory there.



The recent political turmoil and violence in Bangladesh, in which Hindus were targeted, also impacted the Hindus of Bengal. They felt a nationalist-minded government should be formed in Bengal. Why did Mamata forget that the Left parties also had to pay a price for using Bangladeshi infiltrators as their vote bank? The narrative created by the BJP with the slogan of expelling infiltrators worked because Bengali Hindus were witnessing the infiltration of infiltrators around them, especially in the border districts. The formation of a nationalist-minded government in Bengal should not only improve the state's deteriorating environment but also curb infiltration. It is hoped that a BJP government will also help resolve outstanding issues with Bangladesh. Freeing Bengal from the culture of political and electoral violence should be a key agenda for the new government. This is not easy, as the state's politics has always been driven by violence and bullying. Unfortunately, this chaotic political culture flourished even under TMC rule. Mamata Banerjee cannot blame anyone but herself for this. The TMC cannot escape responsibility for the post-election violence in Bengal, which led to the murder of Suvendu Adhikari's personal assistant along with some BJP supporters. The BJP must be careful that its workers and supporters who have come from the TMC do not adopt the political culture of violence and bullying. It should be noted that Suvendu Adhikari himself was once a prominent TMC leader and a close confidant of Mamata Banerjee. It is clear that BJP will have to be cautious about the behavior of TMC leaders and workers who have come with it. It must also ensure that the TMC's anarchist cadre does not join the BJP. If the BJP fails to address this issue, it will be difficult to eradicate the culture of political violence. It should not be overlooked that the post-election violence has proven that restoring law and order and undoing the effects of Mamata Banerjee's misrule poses a significant challenge for the BJP government. The atmosphere of a state changes when law and order is in place. Only by improving this can Bengal be brought back on track.

# बेटी ने खुलवाया डिजिटल लॉक, घर में डलवाई करोड़ों की डकैती; कारोबारी के घर लूट का सनसनीखेज खुलासा

मुरादाबाद में कारोबारी इमरान के घर हुई 1.20 करोड़ रुपये की डकैती का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार कारोबारी की बेटी अरीबा ने अपने प्रेमी अरशद वारसी के साथ मिलकर वारदात की साजिश रची थी। पुलिस ने को गिरफ्तार कर लिया क्षेत्र स्थित अकबर कंपाउंड में प्रापर्टी डीलर इमरान के घर हुई डकैती का पुलिस ने सनसनीखेज कारोबारी की बेटी अरीबा ने ही के साथ मिलकर पूरी साजिश रची पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर रुपये नकद, तमंचे और वारदात की हैं। मामले में शामिल करीब हैं।सोमवार तड़के अकबर कंपाउंड घर बदमाशों ने परिवार को बंधक को अंजाम दिया था। घटना के रमित शर्मा, डीआईजी मुनिराज अंतिल ने मौके पर पहुंचकर जांच तलाश में पुलिस की पांच टीमें दौरान पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों वारदात में इस्तेमाल कारों के नंबर प्लाजा पार करने से पहले असली



बेटी समेत पांच आरोपियों है।मुरादाबाद के नागफनी पीतल कारोबारी एवं 1.20 करोड़ रुपये की खुलासा कर दिया। अपने प्रेमी अरशद वारसी थी। पुलिस ने बेटी समेत उनके कब्जे से 47 लाख में इस्तेमाल दो कारें बरामद छह बदमाश अभी फरार स्थित कारोबारी इमरान के बनाकर डकैती की वारदात बाद बरेली जोन के एडीजी जी और एसएसपी सतपाल की थी।बदमाशों की लगाई गई थीं। जांच के की फुटेज खंगाली। बदले गए थे लेकिन टोल नंबर प्लेट लगा दी गई थी। इससे पुलिस को वाहनों के वास्तविक नंबर मिल गए। पुलिस ने कार मालिक कुलदीप को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पूरे गिरोह का खुलासा हो गया। इसके बाद पुलिस ने कारोबारी की बेटी अरीबा के प्रेमी अरशद वारसी निवासी मकदूमपुर, नौगांवा सादात अमरोहा को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर रवि कुमार निवासी बिजरा और निक्की निवासी तिगरिया भूड़, गजरौला अमरोहा को भी गिरफ्तार कर लिया गया। एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि अरशद आईएफटीएम में पढ़ाई करता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात कारोबारी की बेटी अरीबा से हुई थी।

# महिला जज के पिता की हत्या में हिस्ट्रीशीटर और उसके बेटे गिरफ्तार, बंगला गांव में सरेआम मारी थी गोली

महिला जज के पिता मो. असद हत्याकांड में फरार चल रहे इनामी हिस्ट्रीशीटर जफर और उसके दो बेटों को मुरादाबाद पुलिस ने जम्मू-कश्मीर से गिरफ्तार कर लिया। जफर पर आरोप है कि उसने 27 फरवरी को बंगला गांव गोली मारकर हत्या की को कोर्ट में पेश कर जेल क्षेत्र के बंगला गांव जज के पिता मो. असद 50 हजार के इनामी उसके दो बेटों को पुलिस गिरफ्तार कर लिया। ने इस घटना में शामिल नाम बताया है।गिरफ्तार बेटा नाबालिग है। कॉलोनी निवासी मो. सुल्ताना और उनके पति तैनाती बुलंदशहर में है। से बेकरी का कारोबार भी सतपाल अंतिल ने बताया करीब सात बजे मो. असद मस्जिद में तरावीह की नागफनी के ढहरिया मुजाहिर उर्फ डेनियल



चौराहे के पास असद की थी। पुलिस ने आरोपियों भेज दिया।नागफनी थाना चौराहे के पास महिला की हत्या में शामिल रहे हिस्ट्रीशीटर जफर और ने जम्मू कश्मीर से पुलिस पूछताछ में जफर अपने एक और साथी का किया गया जफर का एक सिविल लाइंस के जिगर असद की बेटी असमा जज हैं। दोनों जजों की मो. असद अलवीना नाम करते थे।एसएसपी कि 27 फरवरी की शाम नागफनी क्षेत्र में लाल नमाज पढ़ने जा रहे थे। निवासी उनके छोटे साले उनके साथ स्कूटी पर मौजूद थे। नागफनी के बंगला गांव चौराहे के पास मो. असद का बड़ा साला हिस्ट्रीशीटर जफर अपने एक साथी के साथ आया और सिर में गोली मारकर मो. असद की हत्या कर दी थी। नागफनी थाने में ढहरिया निवासी जफर, उसके बेटे सैफुल जफर, दूसरे नाबालिग बेटे, कटघर निवासी आलमगीर, मुगलपुरा के कानून गोयान निवासी मो. फैजान और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने यह रिपोर्ट मुजाहिर की तहरीर पर दर्ज की थी। अगले दिन 28 फरवरी को पुलिस ने जफर के दामाद मो. फैजान और आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया था। उन्हें कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया था। पुलिस ने जफर के एक अन्य साथी को भी गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी जफर और उसके बेटे पुलिस के हाथ नहीं आ रहे थे। एसएसपी ने तीनों आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया थी। इसके बाद डीआईजी ने तीनों हत्यारोपियों की गिरफ्तारी पर इनाम की राशि बढ़ाकर 50-50 हजार कर दी थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि तीनों आरोपी जम्मू कश्मीर में छिपे हैं। नागफनी थाने की पुलिस और स्वाट टीम तीनों की तलाश में जम्मू कश्मीर पहुंच गई। बुधवार को पुलिस टीम ने जम्मू कश्मीर के श्री नगर जिले के नौगाम थाना क्षेत्र के स्वेतांगलेसजन ग्राम से जफर,उसके बेटे सैफुल जफर औ दूसरे 17 वर्षीय नाबालिग बेटे को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस दोनों को मुरादाबाद ले आई। बुधवार की शाम जफर और सैफुल को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि नाबालिग आरोपी को किशोर न्याय बोर्ड में पेश किया। वहां से उसे राजकीय संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

# सोने-चांदी के दाम में अचानक उछाल, मुरादाबाद के स्टोरों में छाई वीरानी, सहालग सीजन में भी कारोबार ठंडा

सोने और चांदी के दाम में अचानक उछाल आने से कारोबारी ठंडा पड़ गया है। मुरादाबाद के कई स्टोरों में ग्राहक नहीं दिख रहे हैं। कारोबारियों का कहना है कि शादी का सीजन होने के बाद भी कोई खरीदार नहीं आ रहा है।शादियों के सीजन आए उछाल ने बाजार की रौनक छीन ली। बुधवार में गिने-चुने ग्राहक सोने व चांदी की खरीदारी सात हजार रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के दाम है।सराफा कारोबारियों का कहना है कि एकाएक की बिक्री पर असर देखने को मिला है। उनका खरीदना पसंद कर रहे थे। अब मौजूदा कीमतों पर जाएगा।केंद्र सरकार ने सोने व चांदी पर आयात दिया है। ड्यूटी बढ़ने से विदेशों में सोना व चांदी पड़ेगा। गंज बाजार स्थित सराफा कारोबारियों के होती थी लेकिन अब वहां केवल दुकानदार और कारोबारियों का कहना है कि सोने व चांदी की शादियों में गहने खरीदने के लिए लोग पहले से



(सहालग) के बीच सोने-चांदी की कीमतों में को गंज बाजार व मंडी चौक स्थित सराफा बाजार करते दिखाई दिए। दो दिनों में सोने की कीमतों में में 20 हजार रुपये प्रतिकिलो की भारी बढ़ोतरी हुई सोने व चांदी पर बढ़ाई गई इंपोर्ट ड्यूटी से गहनों कहना है कि लोग हल्के गहनों (लाइट वेट ज्वैलरी) हल्के गहने बनवाना भी काफी मुश्किल हो शुल्क छह प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर महंगा हो गया। इसका सीधा बोझ अब ग्राहकों पर दुकानों पर सहालग में पैर रखने की जगह नहीं काम करने वाले कर्मचारी नजर आए। सराफा कीमतों में इतनी बड़ी वृद्धि की उम्मीद नहीं थी। बजट तय कर रखते हैं। लेकिन दो दिनों के अंदर में सोने व चांदी के दाम बढ़ने से अब गहने खरीदना काफी मुश्किल हो जाएगा। सराफा कारोबारी बताते हैं कि पहले से ही सोने व चांदी के दाम बढ़े हुए हैं। इसकी वजह से हल्के गहने बनाए जा रहे थे लेकिन अब सोने व चांदी कीमतें और बढ़ गई हैं। इससे ग्राहकों के लिए हल्के गहने बनाना काफी मुश्किल हो जाएगा। उनका कहना है कि अगर सोने व चांदी की कीमतें जल्द ही स्थिर नहीं हुई तो इस सीजन में भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। दुकान पर सुबह से खाली बैठा हूं। एक भी ग्राहक नहीं आया। आयात शुल्क में बढ़ोतरी से सोन व चांदी की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। इसके लगता है कि आने वाले दिनों में ग्राहक बिल्कुल ही नहीं आएंगे। -नीरज अग्रवाल, अध्यक्ष, श्री सराफा कमेटी ग्राहकों के बजट के हिसाब से बाजार में हल्के गहने बना दिए गए हैं। अब सोने व चांदी की बढ़ी कीमतों ने बिक्री की चिंता और बढ़ा दी है। बाजार में ग्राहक नहीं है। मेरे पास आज एक भी ग्राहक नहीं आया। -मनीष बेरी, सराफा कारोबारी दिन सोने की कीमत चांदी की कीमत 11 मई 1.51 लाख प्रति 10 ग्राम 2.57 लाख प्रतिकिलो 13 मई 1.58 लाख प्रति 10 ग्राम 2.77 लाख प्रतिकिलो (बाजार गंज धर्म काटा के अनुसार)

## संक्षिप्त समाचार

# आधार और राशन कार्ड में उम्र अलग, आयुष्मान कार्ड बनाने में मरीजों को हो रही परेशानी, कैसे हो समाधान

मुरादाबाद में आयुष्मान योजना दस्तावेजों की गड़बड़ी में उलझ गई है। आधार और राशन कार्ड में उम्र अलग होने से मरीजों के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे। पोर्टल आवेदन स्वीकार नहीं कर रहा, जिससे गरीब मरीज इलाज के बजाय दस्तावेज दुरुस्त कराने के




लिए तहसील और जनसेवा केंद्रों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।मुरादाबाद में गरीबों को मुफ्त इलाज देने वाली आयुष्मान योजना अब दस्तावेजों के फेर में फंसती नजर आ रही है। जिला अस्पताल की आयुष्मान डेस्क पर रोज ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जिनकी उम्र आधार कार्ड और राशन कार्ड में अलग-अलग दर्ज है।सिस्टम में उम्र का मिलान न होने से उनके आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे।नतीजा यह कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोग इलाज के बजाय दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। अस्पताल में कई मरीज घंटों लाइन में लगने के बाद जब काउंटर तक पहुंचते हैं तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि पहले दस्तावेज सही कराएं।किसी की उम्र आधार में 52 साल है तो राशन कार्ड में 58 साल दर्ज है। कहीं जन्मतिथि बदल गई तो कहीं नाम और उम्र दोनों में अंतर है। ऐसे मामलों में पोर्टल आवेदन स्वीकार नहीं कर रहा। गरीब परिवारों के सामने सबसे बड़ी मुश्किल यह है कि दस्तावेज ठीक कराने के लिए तहसील, जनसेवा केंद्र और पूर्ति विभाग के चक्कर अलग लगाने पड़ रहे हैं। केस एक- कटघर निवासी 60 वर्षीय रामवीर सिंह दिल की बीमारी से परेशान हैं। राशन कार्ड में उनकी उम्र 64 साल दर्ज है, जबकि आधार कार्ड में 59 साल। आयुष्मान डेस्क पर कार्ड बनाने से मना कर दिया गया। अब वह तीन दिन से दस्तावेज दुरुस्त कराने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं। केस दो - मझोला की रहने वाली विमला देवी को पथरी के ऑपरेशन की जरूरत है। सूची में नाम होने के बावजूद उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बन सका। क्योंकि आधार में उम्र 48 वर्ष और राशन कार्ड में 54 वर्ष दर्ज है। परिवार निजी अस्पताल का खर्च उठाने में असमर्थ है। केस तीन- भोजपुर क्षेत्र के शकील अहमद अपनी पत्नी का इलाज कराने जिला अस्पताल पहुंचे थे। सिस्टम में उम्र का मिलान न होने पर आवेदन अटक गया। उनका कहना है कि गरीब आदमी इलाज कराए या कागज ठीक कराए, यही समझ नहीं आ रहा। राशन कार्ड में गलत उम्र लिखी होने के कारण लोगों को आयुष्मान कार्ड लाख नहीं मिल पा रहा है। जिन मरीजों का बाकी सारा डाटा ठीक है, उनके कार्ड वेरीफाई करने के लिए प्रदेश मुख्यालय से अपील करेंगे। - डॉ. कुलदीप सिंह, सीएमओब्लड बैंक में बवाल... डॉक्टर दो फाड़ मुरादाबाद। सोशल मीडिया पर बुधवार को एक फोटो तेजी से वायरल हुआ। जिसमें वेट मशीन पर रखा ब्लड बैग 650 एमएल आयतन दिखा रहा है। फोटो के साथ यह भी लिखा गया कि जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जरूरत से ज्यादा खून निकालकर उसका गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। फोटो सामने आते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया। ब्लड बैंक से जुड़े कर्मचारियों और डॉक्टरों के बीच पहले से चल रही तनातनी और खुलकर सामने आ गई। ब्लड बैंक प्रभारी का आरोप है कि वायरल फोटो पूरी तरह भ्रामक है और यह जिला अस्पताल के ब्लड बैंक की मशीन का फोटो ही नहीं है। उनका कहना है कि किसी भी मरीज या रक्तदाता ने अधिक रक्त निकालने की शिकायत नहीं की है। आरोप लगाया गया कि जानबूझकर फर्जी तस्वीर वायरल कर ब्लड बैंक और अस्पताल प्रशासन की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई। मामला बढ़ने पर एसआईसी डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय और चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेंद्र कुमार खुद ब्लड बैंक पहुंचे और पूरे प्रकरण की जांच शुरू कराई। उन्होंने कहा कि आपसी विवाद को सार्वजनिक कर विभाग की छवि खराब करना ठीक नहीं है। एसआईसी डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय ने बताया कि ब्लड बैंक में रखे सभी ब्लड बैग की जांच कराई गई और सभी का वजन मानक के अनुरूप मिला। एसआईसी ने कहा कि फोटो कहां का है, इसकी जांच की जा रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# मरौरी में जनगणना-2027 का डिजिटल अभियान तेज, कर्मियों ने पोर्टल पर दर्ज कराईं जानकारिया




क्यूँ न लिखूँ सच/अरविंद कुमार/ पीलीभीत। जनगणना-2027 के अंतर्गत विकासखंड मरौरी में गुरुवार को स्व-गणना अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित की गई। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीण प्रतिनिधियों ने भाग लेकर 'स्व-गणना पोर्टल' पर अपनी सूचनाएं दर्ज कराईं। अभियान के आठवें दिन आयोजित कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिकाएं, प्रधान, पंचायत सहायक, सचिव, आशा, शिक्षा मित्र, मनरेगा कार्डधारक, रसोइये तथा पीएचसी कर्मचारी शामिल रहे।जिलाधिकारी ने कहा कि डिजिटल स्व-गणना से जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सटीक बनेगी तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने की अपील की।

कार्यशाला में पोर्टल संचालन, डेटा गोपनीयता और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डीसी मनरेगा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और खंड विकास अधिकारी मरौरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# नाथ नगरी को मिली विकास की सौगात, 22 करोड़ की पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास




क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली । सनातन संस्कृति को मजबूत करने और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने त्रिवटीनाथ सत्संग भवन में नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि नाथ नगरी बरेली को धार्मिक पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अयोध्या, काशी और प्रयागराज की तर्ज पर अब बरेली के मंदिरों और धार्मिक स्थलों का भी तेजी से विकास कराया जा रहा है। इस दौरान नवाबगंज, मीरगंज और ईंध जागीर स्थित मंदिरों में बने यात्री हॉल, परिक्रमा मार्ग, टॉयलेट ब्लॉक, लाइटिंग, हॉर्टिकल्चर और अन्य पर्यटन सुविधाओं का लोकार्पण किया गया। वहीं अहिच्छत्र विकास, द्रौपदी स्वयंवर थीम पार्क, बड़ा बाग हनुमान मंदिर, आनंद आश्रम मंदिर, गौरी शंकर मंदिर समेत कई धार्मिक स्थलों के विकास कार्यों का शिलान्यास भी हुआ।जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने कहा कि विकास भी, विरासत भी की सोच को साकार करते हुए नाथ नगरी के मंदिरों को धार्मिक पर्यटन से जोड़ा जा रहा है। मंत्री ने बताया कि जनपद में तपेश्वर नाथ, धोपेश्वर नाथ, तुलसी मठ, अलखनाथ, पशुपतिनाथ और त्रिवटीनाथ मंदिर सहित कई स्थलों पर करोड़ों रुपये की पर्यटन परियोजनाएं चल रही हैं। कार्यक्रम के बाद मंत्री ने त्रिवटीनाथ मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया और अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ तेजी से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल समेत जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# फोन पर लल्ला गद्दी बनकर मांगी फिरौती ,कैंट पुलिस ने दो बदमाश दबोचे




क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली। थाना कैंट पुलिस ने फोन पर खुद को लल्ला गद्दी बताकर फिरौती मांगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो अवैध तमंचे, जिंदा कारतूस और घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जबकि एक आरोपी अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है। दरअसल, ग्राम चौबारी निवासी एडवोकेट चन्द्रभान सिंह ने थाना कैंट में शिकायत दर्ज कराई थी कि 7 मई को उनके मोबाइल पर कॉल कर उनके बेटे अर्पित सिंह की हत्या कराने की धमकी दी गई और दो लाख रुपये की फिरौती मांगी गई।

शिकायत के बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू की। मोबाइल नंबरों की जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस टीम ने चौबारी मोड़ के पास से वैभव सिंह और आकाश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि वैभव का अर्पित सिंह की पत्नी से पहले से संपर्क था और शादी के बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया था। इसी रंजिश में वैभव ने अपने साथियों के साथ मिलकर परिवार में डर और तनाव पैदा करने की साजिश रची। आरोपियों ने फर्जी सिम का इस्तेमाल कर खुद को लल्ला गद्दी बताकर कॉल की थी, ताकि पीड़ित परिवार भयभीत हो जाए। पुलिस जांच में अब तक असली लल्ला गद्दी के शामिल होने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फरार आरोपी अकरम की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# स्वास्थ्य सखियों को मिला प्रशासन का संबल, कुपोषण और एनीमिया के खिलाफ चलेगा जागरूकता अभियान



क्यूँ न लिखूँ सच/अरविंद कुमार/ पीलीभीत। राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कुपोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य समस्याओं तथा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार को जनपद स्तरीय स्वास्थ्य सखी उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में स्वास्थ्य सखियों को गांव-गांव महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला मिशन प्रबंधक प्रदीप कुमार गौतम ने किया।

उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य सखियां स्वयं सहायता समूहों, ग्राम संगठनों और संकुल स्तरीय संघों से जुड़ी महिलाओं के बीच पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाने का कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त स्वत: रोजगार सहित विभिन्न विकासखंडों की स्वास्थ्य सखियां मौजूद रहीं। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सखियों से वीएचएसएनडी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने, बाल विवाह रोकने, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी पर चिंता जताते हुए एनीमिया मुक्त अभियान को मजबूत करने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने सहजन के पोषण और औषधीय गुणों की जानकारी देते हुए इसे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया। वहीं मुख्य चिकित्साधिकारी ने महिलाओं के टीकाकरण, गर्भावस्था पंजीकरण, खून की जांच और आयुष्मान गोल्ड कार्ड बनवाने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में बीसलपुर की स्वास्थ्य सखी मैविश खान, ललौरीखेड़ा की मोबीन और मरौरी की ममता ने अपने अनुभव साझा किए। अंत में उपायुक्त स्वत: रोजगार श्रीमती वंदना सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वास्थ्य सखियों से पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

# बरेली के पुलिस मॉडर्न स्कूल के छात्रों ने लहराया सफलता का परचम




क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली। सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही पुलिस लाइन्स स्थित पुलिस मॉडर्न स्कूल के बच्चों में खुशी की लहर दौड़ गई।

शानदार अंकों के साथ छात्रों ने विद्यालय और अपने अभिभावकों का नाम रोशन कर दिया। विद्यालय परिसर में जश्न जैसा माहौल देखने को मिला। इस वर्ष स्कूल के छात्र सुमित ने 87 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप किया। वहीं शिवांश रस्तोगी ने 86.4 प्रतिशत, तन्मय प्रजापति ने 85.2 प्रतिशत, गौरी मिश्रा ने 83.4 प्रतिशत और आयुषी यादव ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी जाहिर की। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की कठिन मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के बेहतर मार्गदर्शन का नतीजा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बरेली क्लब लिमिटेड अपने प्रतिष्ठित 3 दशक पुराने

# सिग्नेचर इवेंट मे क्वीन बॉल 2026 का आयोजन 23 मई को



क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली। बरेली क्लब लिमिटेड अपने iconic वार्षिक कार्यक्रम मे क्वीन बॉल का आयोजन शनिवार, 23 मई 2026 को शाम 8:30 बजे से क्लब के फ्रंट लॉन पर करने जा रहा है। यह भव्य कार्यक्रम पिछले तीन दशकों से अत्यंत प्रतीक्षित सिग्नेचर समारोह रहा है, जिसने प्रियंका चोपड़ा को मिस वर्ल्ड खिताब जीतने की यात्रा पर भेजकर अपार लोकप्रियता हासिल की थी। 16 से 25 वर्ष की अविवाहित लड़कियां इस प्रतिष्ठित सौंदर्य एवं प्रतिभा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। प्रवेश फॉर्म अब कार्यालय समय ( सुबह 9 बजे से शाम 7:00 बजे तक ) निम्न स्थानों पर उपलब्ध हैं बरेली क्लब लिमिटेड कार्यालय होटल रामाडा एंकोर, बरेली चावला एंड एसोसिएट्स, रामपुर गार्डन, बरेली प्रतिभागियों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश फॉर्म प्रतिभागी के अपने हाथ से भरा जाना चाहिए। पूर्ण भरे गए फॉर्म पर प्रतिभागी तथा उसके माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर होने चाहिए। प्रत्येक प्रवेश फॉर्म पर बरेली क्लब लिमिटेड के किसी सदस्य की अनुशंसा ( E ndorsement) आवश्यक है। प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 18 मई 2026( कार्यालय बंद होने तक ) है। चयनित उम्मीदवारों का ऑडिशन होगा, इसके बाद मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड श्रीमती अमन गरेवाल के विशेष मार्गदर्शन में प्रोफेशनल ग्रूमिंग एवं ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। फिनाले में चार अलग-अलग श्रेणियो में स्टेज परफॉर्मेंस के राउंड होंगे। प्रसिद्ध एवं अनुभवी जजेस मे तथा रनर-अप का चयन करेंगे।इस भव्य शाम को वरिष्ठ नौकरशाह, वरिष्ठ सेना अधिकारी अपने परिवारों सहित, क्लब सदस्य एवं उनके परिवार उपस्थित रहेंगे। मनोरंजन प्रसिद्ध डांस ट्रुप, गायकों तथा अन्य स्टेज कलाकारों द्वारा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक प्रतिभागी उपरोक्त उल्लिखित स्थानों पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### नूरपुर पंचायत घर में खुली बैठक आयोजित, कृषि पट्टा आवंटन पर बनी सहमति

क्यूँ न लिखूँ सच/अरविंद कुमार/ अमरिया (पीलीभीत)। विकासखंड अमरिया क्षेत्र की ग्राम पंचायत जगत के पंचायत घर नूरपुर में खुली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भूमिहीन एवं पात्र व्यक्तियों



को कृषि पट्टा दिए जाने के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ग्रामीणों ने कृषि पट्टा आवंटन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया। साथ ही भूमि प्रबंधक समिति से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। खुली बैठक में सोवरन लाल, चेतराम, रोसनलाल, नन्हेंलाल, तुलसीराम, रामलाल, राजकुमार, ओम प्रकाश, भजनलाल, इसरार अहमद सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभ दिलाने की मांग उठाई। बैठक के दौरान ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने में सहयोग करने की अपील की।

### पीलीभीत में वरिष्ठजनों के लिए लगेंगे नि:शुल्क सहायक उपकरण शिविर

क्यूँ न लिखूँ सच/अरविंद कुमार/ पीलीभीत। भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत जनपद के वरिष्ठ नागरिकों को नि:शुल्क सहायक यंत्र एवं उपकरण उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न विकासखंडों में चिन्हांकन एवं परीक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्रमोहन विश्नोई ने बताया कि अब तक पुनर्वास विशेषज्ञों द्वारा 69 वरिष्ठजनों का चयन किया गया है, जबकि योजना के तहत 200 से अधिक लाभार्थियों का पंजीकरण आवश्यक है। इसी उद्देश्य से 15 मई से 22 मई तक विकासखंड स्तर पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 15 मई को मरौरी, 16 मई को अमरिया, 18 मई को ललौरीखेड़ा, 19 मई को बरखेड़ा, 20 मई को बिलसंडा, 21 मई को बीसलपुर तथा 22 मई को पूरनपुर विकासखंड में शिविर आयोजित होंगे। शिविर में निगम के पुनर्वास विशेषज्ञ वरिष्ठजनों का परीक्षण एवं चिन्हांकन करेंगे तथा पंजीकरण संबंधी औपचारिकताएं पूर्ण कराएंगे। इसके बाद पात्र लाभार्थियों को आवश्यकता अनुसार सहायक यंत्र एवं उपकरण एलिम्को द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

### बरेली में जनगणना-2027 को लेकर बड़ा अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली। जनगणना-2027 के प्रथम चरण को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। मुख्य कोषाधिकारी बरेली द्वारा जनपद के सभी पेंशनर्स संगठनों को पत्र जारी कर पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों से अपने मकानों की स्वगणना कराने की अपील की गई है। दरअसल, जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए स्वगणना अभियान को प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। प्रशासन ने साफ किया है कि 7 मई से 24 मई 2026 तक चलने वाले इस अभियान की तिथियों में कोई बदलाव नहीं होगा। मुख्य कोषाधिकारी ने सभी पेंशनर्स संगठनों से कहा है कि वे अधिक से अधिक लोगों को स्वगणना पोर्टल के माध्यम से अपने मकानों की जानकारी स्वयं दर्ज करने के लिए प्रेरित करें, ताकि जनगणना-2027 का प्रथम चरण समय पर पूरा किया जा सके। प्रशासन का मानना है कि आमजन की भागीदारी से जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनेगी।

### बालिका पर सांड़ ने किया हमला, गंभीर रूप से घायल

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली । सुभाषनगर क्षेत्र के वियारा नारायण नगला में बुधवार शाम 10 वर्षीय बालिका पर सांड़ ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। बालिका को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अब उसकी हालत में सुधार है। वियारा नारायण नगला निवासी पातीराम ने बताया कि बुधवार शाम उनकी बेटी बबली अन्य बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही ही। शाम छह बजे के आसपास बबली पर घूमंतु सांड़ ने हमला कर दिया। वह घायल हो गई और बेहोश होकर गिर गई।

# रोडवेज और डीसीएम की आमने-सामने की भिड़ंत



क्यूँ न लिखूँ सच/शेर सिंह/ भुता। बरेली बीसलपुर मुख्य मार्ग दौलतपुर मोड़ पर रोडवेज और डीसीएम में आमने-सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम चालक को एम्बुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया है। पुलिस मौके पर घटना की जांच कर रही है। गुरुवार लगभग 2-00 बजे बरेली से बीसलपुर की ओर जा रही डीसीएम की सामने से आ रही गोला डिपो की रोडवेज बस की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें डीसीएम चालक असलम पुत्र हुजूर अहमद निवासी बीसलपुर गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसको पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया है। जहां उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। इधर रोडवेज चालक मौके से फरार हो गया है। रोडवेज में बैठी सभी सवारी सुरक्षित हैं। जिनको दूसरी सवारी से अपने-अपने स्थान पर पहुंचा दिया है। हो सकता था बड़ा हादसा.... राहगीरों के मुताबिक जिस समय यह हादसा हुआ। उसे समय बच्चों की स्कूल की छुट्टी होती है। और अक्सर इस मोड़ पर भीड़ जमा रहती है। इस दुर्घटना में तेज रफ्तार से आ रही । बीसलपुर की ओर से रोडवेज बस मोड़ पर दूसरी साइड आ गई थी। जिसके कारण उसे बचाने के लिए डीसीएम चालक को अपनी गाड़ी खलती में उतारनी पड़ी। जिसके कारण एक बड़ा हादसा होते होते बच गया। इधर प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया घायल डीसीएम चालक को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने दोनों वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस रोडवेज चालक की तलाश व घटना की जांच कर रही है।

# तेज तूफान बना काल, छत का जंगला गिरने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम



क्यूँ न लिखूँ सच/ नाज़िम हुसैन अंसारी / मुरादाबाद जनपद के थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव वाजिदपुर में बुधवार रात आए तेज तूफान ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज आंधी और तूफान के दौरान दो मंजिला मकान का जंगला गिरने से 40 वर्षीय छोटे खा की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।बताया जा रहा है कि घटना रात करीब साढ़े दस बजे की है। उस समय तेज आंधी और तूफान चल रहा था। छोटे खा अपने पशुओं को घेर में बांधकर घर का गेट बंद कर रहे थे। तभी अचानक तेज हवा के कारण उनके दो मंजिला मकान का जंगला भरभराकर नीचे सीधे उनके ऊपर आ गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के तुरंत बाद परिवार और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। परिजन घायल छोटे खा को आनन-फानन में पास के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक छोटे खा अपने पीछे पत्नी और पांच बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके परिवार में दो बेटे और तीन बेटियां हैं। परिवार का सहारा अचानक छिन जाने से पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। सूचना मिलने पर थाना भोजपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना का जायजा लिया। हालांकि परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया। तेज तूफान से हुए इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और हर किसी की जुबान पर सिर्फ छोटे खा की असमय मौत की चर्चा है। इस घटना से पुरे गांव में शोक की लहर है। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## संक्षिप्त समाचार

# चौड़ीकरण की भेंट चढ़ रहे त्रिशूल डिजाइन वाले पोल

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली। नाथ कॉरिडोर के तहत लाखों की लागत से लगाए गए त्रिशूल व डमरू डिजाइन वाले पोल सड़क चौड़ीकरण की भेंट चढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट (सीएम ग्रिड) योजना के तहत चौड़ीकरण का काम शुरू होते ही नगर निगम ने इन त्रिशूल डिजाइन वाले पोलों के साथ कीमती टाइल्स को उखाड़ना शुरू कर दिया है। कुदेशिया पुल से जीआरएम मार्ग पर चल रही इस तोड़फोड़ ने न केवल परियोजना पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि स्थानीय जनता व व्यापारियों में भी आक्रोश पैदा कर दिया है। नाथ कॉरिडोर शहर की सबसे चर्चित परियोजनाओं में शामिल रहा है। करीब 232 करोड़ रुपये की इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य शहर के सात प्राचीन शिव मंदिरों को आपस में जोड़कर पर्यटन और आस्था का नया गलियारा तैयार करना था। इसके तहत सड़कों को भव्य धार्मिक थीम पर सजाया गया, जिसमें भगवान शिव के प्रतीक त्रिशूल और डमरू वाली एलईडी लाइटें मुख्य आकर्षण थीं।

# डकैती में शामिल थे दस से ज्यादा बदमाश, बैकअप देने के लिए बनाया था प्लान; अब बंद आ रहा घर के भेदी का फोन

मुरादाबाद में पीतल कारोबारी इमरान के घर हुई डकैती में एक और नई जानकारी सामने आई है। डकैती में दस से ज्यादा बदमाश शामिल थे। बैकअप देने के लिए कॉलोनी में भी बदमाश मौजूद थे, दो बदमाश कार में बैठे



थे। मुरादाबाद के बंगला गांव स्थित अकबर कंपाउंड में पीतल कारोबारी इमरान के घर डाका डालने में दस से ज्यादा बदमाश शामिल थे। छह बदमाश घर में घुसे थे जबकि बाकी बदमाश बैकअप देने के लिए बाहर मौजूद थे। पुलिस ने हिरासत में लिए गए दो संदिग्ध और कारोबारी के घर के भेदी से पूछताछ की तो इसके संकेत मिले हैं। हालांकि पुलिस मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी और नकदी व जेवर बरामद नहीं कर पाई है। मूलरूप से डिलारी के ढकिया निवासी कारोबारी इमरान अपने परिवार के साथ अकबर कंपाउंड में दो मंजिला मकान में रहते हैं। पीतल के अलावा प्रॉपर्टी खरीदने और बेचने का काम भी करते हैं।सोमवार को जिगर कॉलोनी स्थित प्लॉट की रजिस्ट्री करानी थी। इसलिए एक करोड़ बीस लाख रुपये घर में रखे थे। रविवार को कारोबारी की बेटी का जन्मदिन था। रविवार की कारोबारी दोनों बेटी अलीजा, अरीबा, बेटे अरीब और अरकान के साथ हाई स्ट्रीट स्थित रेस्टोरेंट में बेटी का जन्म दिन मनाने गए थे। रात करीब 12 बजे परिजन घर आकर सो गए थे।साढ़े तीन बजे बदमाश डिजिटल लॉकर खोलकर उनके घर में घुस गए थे। बदमाशों ने परिवार को पिस्टल और तमंचे के बल पर लेकर एक करोड़ 20 लाख रुपये और करीब छह तोला सोना लूट लिया था। इसके अलावा डीवीआर और तीन मोबाइल लेकर बदमाश भाग गए थे। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से पुलिस ने इस मामले में दो संदिग्ध उठा लिए हैं। पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो पता चला कि कारोबारी के घर में ही कोई भेदी है।उसने ही डिजिटल लॉक रिमोट से खोला था। पुलिस ने भेदी से पूछताछ की तो पता चला कि इस वारदात में दस से ज्यादा बदमाश शामिल थे। छह बदमाश मकान में घुसे थे दो बदमाश कारों में मौजूद थे। बाकी बैकअप देने के लिए कॉलोनी और नागफनी रोड पर मौजूद थे।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# पर्यटन मंत्री व केंद्रीय राज्य मंत्री ने बटन दबाकर किया 2647.12 लाख रुपए की पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास





क्यूँ न लिखूँ सच/ आज उत्तर प्रदेश सरकार जयवीर सिंह व केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भागीरथी कछला गंगा घाट पर आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन विभाग की कुल 2647.12 लाख रुपए की पर्यटन विकास परियोजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास किया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार ने बेहतर कानून व्यवस्था, बेहतर अवस्थापना व विकास कार्य तथा बेहतर कनेक्टिविटी देने का कार्य किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग देश की सांस्कृतिक व पौराणिक धरोहरों को विकसित व संरक्षित करने का कार्य कर रहा है।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की डबल इंजन सरकार में आमजन के हितार्थ अनेको कार्य कराए जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ पात्रों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें मुख्त: तीन विशेष कार्य किए गए हैं व उन पर जोर दिया गया है। जिसमें प्रथम पर प्रदेश में कानून का राज्य स्थापित हुआ है, अवस्थापना व विकास के कार्य युद्ध स्तर पर कराए गए और तीसरा बेहतर कनेक्टिविटी दी गई है, चाहे वह सड़क के माध्यम से हो, रेल के माध्यम से हो या हवाई सेवाओं के माध्यम से हो, बेहतर कनेक्टिविटी देने का कार्य सरकार ने किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार जो कहती है उसको पूर्ण भी करती है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश व भारत विकसित देश बने इसमें सभी आमजन की भूमिका होनी चाहिए और सभी को मिलकर इस हेतु प्रयास करने चाहिए। सभी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ करें तो वह दिन दूर नहीं जब देश विकसित राष्ट्र होगा व उत्तर प्रदेश विकसित प्रदेश होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व में उत्तर प्रदेश को बीमारू प्रदेश के रूप में जाना जाता था लेकिन वर्तमान सरकार के स्वर्णिम काल में प्रदेश में कानून का राज स्थापित है अपराधी सलाखों के पीछे हैं।

केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि पर्यटन विभाग देश की सांस्कृतिक व पौराणिक धरोहरों को विकसित व संरक्षित करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की डबल इंजन सरकार में आमजन के हितार्थ अनेकों विकास कार्य कराए गए हैं, जिसका सीधा लाभ उन्हें मिला है।उन्होंने कहा कि सरकार जो कहती है उसको पूर्ण भी करती हैं। उन्होंने कहा कि कछला में पर्यटन विकास कार्य होने से आमजन व श्रद्धालुओं को इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी सांसद निधि से भी सर्वप्रथम कार्य श्रद्धालुओं के हितार्थ ही किया था। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार सही मायने में आमजन की सरकार है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से बदायूं में अनेको विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि बदायूं व उझानी में बाईपास हो, मथुरा बरेली फोरलेन एक्सप्रेसवे हो आदि विकास कार्य जनता के हितार्थ कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न लाभार्थीपरक व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी पात्रों को बिना भेदभाव के मुहैया कराया जा रहा है, यह सरकार की उपलब्धि है।

उन्होंने कहा कि बदायूं में रिंग रोड, सड़कों के चौड़ीकरण आदि कार्य भी कराए जा रहे हैं। अमृत योजना अंतर्गत बदायूं रेलवे स्टेशन का भी कायाकल्प किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार से पूर्व की सरकारों में बदायूं को पिछड़े जनपद में गिना जाता था लेकिन आज डबल इंजन की सरकार होने से बदायूं विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि जनपद बदायूं विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्री गंगा मैया के सभी तटों पर विकास कार्य करने के प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में पर्यटन विभाग द्वारा अनेकों कार्य कराए गए हैं और पर्यटन विभाग देश की संस्कृति को बचाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद के हर विधानसभा में पौराणिक स्थलों के सौंदर्यीकरण करने का कार्य पर्यटन विभाग द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि पर्यटन मंत्री ने विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि अच्छा सोचो तो अच्छा होगा आज नहीं तो कल होगा। उन्होंने कहा कि भारत एक दिन विश्व गुरु बनेगा।दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह ने कहा कि जनपद में अनेकों विकास कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास व सबका विश्वास पर कार्य करती है।

पर्यटन मंत्री व केन्द्रीय राज्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों ने गुरूवार को पर्यटन विकास की जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया उनमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत गंगा देवी मईया मंदिर पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 98.27 लाख रुपये है। दुर्गा देवी भवन मंदिर पर्यटन विकास कार्य का लोकार्पण, जिसकी लागत 110.42 लाख रुपये है तथा परी माता मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण, जिस पर लगभग 92.14 लाख रुपये की लागत आई है। माता मलाई देवी मंदिर का सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास का कार्य जिसकी लागत 110.10 लाख रूपए है। कुल 410.93 लाख रूपए के पर्यटन विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कछला गंगा घाट (पार्ट-ए) पर्यटन विकास कार्य, जिसकी लागत 1792.18 लाख रुपये है, का शिलान्यास, पौराणिक तीर्थ स्थल सहस्त्रबाहू का पर्यटन विकास कार्य, जिसकी लागत 74.45 लाख रुपये है। तपोसिद्ध बाबा की मढ़ी का प्राचीन शिव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य, जिसकी लागत 75.31 लाख रुपये है। श्री बाबा देवास दास मंदिर (अस्तल) का पर्यटन विकास जिसकी लागत 71.53 लाख रूपए है। श्री रामचन्द्र विराजमान मंदिर का पर्यटन विकास कार्य जिसकी लागत 115.03 लाख रूपए है। प्राचीन मंदिर बहादुर सिंह हनुमान बाबा आश्रम का पर्यटन विकास कार्य जिसकी लागत 107.69 लाख रूपए है। कुल 2236.19 लाख रूपए के पर्यटन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता शरदेंदु पाठक, ब्लॉक प्रमुख, प्रशासनिक अधिकारी व अन्य विभागीय अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# खनिज माफियाओं पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, कई वाहन जब्त






क्यूँ न लिखूँ सच/राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा के निर्देशन में जिले में अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। खनिज विभाग की टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गिट्टी और रेत का परिवहन एवं भंडारण करते पाए गए वाहनों को जब्त किया। खनिज निरीक्षक रिऋभ सिंह दीक्षित के नेतृत्व में कोलारस अनुविभाग के लुकवासा क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान गिट्टी का अवैध परिवहन करते हुए तीन डम्पर/हाईवा पकड़े गए। जब्त वाहनों को लुकवासा चौकी की सुरक्षा में रखा गया है। इसी क्रम में ग्राम कुल्हाड़ी में लगभग 10 घन मीटर अवैध रेत का भंडारण पाए जाने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को अभिरक्षा में लिया गया। वहीं ग्राम करई डांडा में प्रशासनिक टीम ने करीब 20 घन मीटर एम-सैंड तथा 5 घन मीटर रेत का अवैध भंडारण पकड़ा, जहां से एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त कर थाना सुरवाया की निगरानी में सौंपा गया। खनिज विभाग द्वारा सभी मामलों में नियमानुसार प्रकरण दर्ज कर वैधानिक अर्थदंड की कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने स्पष्ट कहा है कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# आंधी का ऐसा कहर... टीनशेड के साथ हवा में उड़ा व्यक्ति, खेत में जाकर गिरा



क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली। थाना भमोरा क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है, जहां तेज आंधी और बारिश के दौरान एक व्यक्ति हवा में उड़ता दिखाई दिया। घटना 13 मई 2026 की बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक ग्राम बबियाना निवासी नन्हें पुत्र वहीद अंसारी उम्र करीब 50 वर्ष गांव के बारात घर में खड़े थे। तभी अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई। आंधी इतनी तेज थी कि बारात घर की टीन की चादर और पाइप उड़ने लगे। बताया जा रहा है कि नन्हें ने चादर को बचाने के लिए पाइप पकड़ लिया, लेकिन तेज हवा के कारण वह खुद भी पाइप के साथ हवा में उड़ गए और काफी दूर खेत में जाकर गिर पड़े। हादसे में उन्हें चोटें आई हैं। परिजनों के अनुसार नन्हें के हाथ में फ्रैक्चर हुआ है और फिलहाल उनके हाथ में प्लास्टर चढ़ा हुआ है। वह घर पर ही मौजूद हैं। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखकर लोग आंधी की भयावह ताकत का अंदाजा लगा रहे थे ।

# जिला कारागार उरई में आत्मनिर्भरता की नई पहल, डीएम ने बेकरी यूनिट का किया शुभारंभ



क्यूँ न लिखूँ सच/नीरज कुमार/ उरई। बंदियों के पुनर्वास, कौशल विकास और बेहतर जीवन व्यवस्था की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जिला कारागार उरई में बेकरी कक्ष एवं अत्याधुनिक बेकरी मशीन का विधिवत शुभारंभ किया। इस पहल के माध्यम से अब कारागार में बंदियों को ताजा ब्रेड, बिस्किट एवं अन्य बेकरी उत्पाद उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनके भोजन की गुणवत्ता में सुधार होगा। शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी ने कारागार प्रशासन को निर्देशित किया कि बेकरी यूनिट से तैयार होने वाले उत्पादों का उपयोग बंदियों के नाश्ते और भोजन में किया जाए। साथ ही उन्होंने भविष्य की योजना बताते हुए कहा कि इन उत्पादों की आपूर्ति पुलिस लाइन एवं अन्य सरकारी संस्थानों तक भी सुनिश्चित की जाए, जिससे कारागार को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं, बल्कि सुधार, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता का केंद्र होना चाहिए। बंदियों को कौशल आधारित गतिविधियों से जोड़ने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और रिहाई के बाद उन्हें सम्मानजनक आजीविका का अवसर मिल सकता है। जिला प्रशासन इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहा है कि बंदियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण देकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव ने बताया कि नई बेकरी मशीन के माध्यम से ब्रेड, बिस्किट सहित अन्य बेकरी उत्पाद तैयार किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा यह पहल बंदियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के साथ-साथ कारागार को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। शुभारंभ के उपरांत जिलाधिकारी ने कारागार परिसर में संचालित अन्य निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। कार्यों की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था की सराहना की। इस दौरान जेलर प्रदीप कुमार, चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल बर्मन, उपकारापाल अमर सिंह, संगेष कुमार सहित कारागार का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

# अपहृत नाबालिग बालिका को पुलिस ने सकुशल किया बरामद, परिजनों को सौंपा





क्यूँ न लिखूँ सच/राजकुमार शर्मा (कटारे)/ शिवपुरी। थाना फिजीकल पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरण के मामले में नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। मामले में पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए बालिका को सुरक्षित परिवार तक पहुंचाया। जानकारी के अनुसार 1 मई 2026 को फरियादिया द्वारा अपनी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट थाना फिजीकल में दर्ज कराई गई थी। प्रकरण में पुलिस ने अपराध क्रमांक 102/2026 धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया द्वारा जिले में अपराध नियंत्रण एवं नाबालिग बालक-बालिकाओं की शीघ्र बरामदगी के लिए विशेष निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले एवं सीएसपी श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना फिजीकल पुलिस ने लगातार प्रयास करते हुए 12 मई 2026 को अपहृत बालिका उम्र 16 वर्ष 8 माह को सकुशल दस्तयाब कर लिया। पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद बालिका को उसके परिवारजनों को सौंप दिया गया। इस कार्रवाई में उनि रामेन्द्र सिंह चौहान, सउनि बजरंग सिंह, प्रधान आरक्षक अमित कुमार, आरक्षक पुष्पेन्द्र रावत, आरक्षक अजय एवं महिला आरक्षक रुबी की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध खनन पर प्रशासन का बड़ा एक्शन, रात में चली ताबड़तोड़ कार्रवाई



क्यूँ न लिखूँ सच/पवन कुमार/ डीएम के निर्देश पर चुर्खी रोड पर 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज, मचा हड़कंप जनपद में अवैध खनन एवं राजस्व क्षति रोकने के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देशन में प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी उरई ज्योति सिंह के नेतृत्व में गठित टास्क फोर्स समिति ने कल देर रात चुर्खी रोड क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की।अभियान के दौरान बिना वैध अनुमति मिट्टी का परिवहन कर रहे 04 ट्रैक्टर-ट्रॉली को मौके पर पकड़ लिया गया। जांच में आवश्यक अभिलेख एवं वैध प्रपत्र प्रस्तुत न किए जाने पर सभी वाहनों को तत्काल सीज कर फैक्ट्री एरिया चौकी में बंद कराया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजस्व को नुकसान पहुंचाने वालों एवं नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि खनन से जुड़े सभी कार्य शासन की निर्धारित प्रक्रिया एवं वैध अनुमति के अनुसार ही किए जाएं। प्रशासन द्वारा देर रात की गई इस कार्रवाई को अवैध खनन के खिलाफ सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसे अभियान निरंतर जारी रहेंगे और नियम विरुद्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# दुधमनिया तहसील पर सवाल: पेशी जारी रही, रिकॉर्ड में पहले ही खारिज हो चुका था मामला




क्यूँ न लिखूँ सच/ मानस मिश्रा / सिंगरौली। चितरंगी तहसील अंतर्गत ग्राम बगैया निवासी एक किसान ने तहसील दुधमनिया में लंबित बंटवारा प्रकरण को कथित रूप से विधि विरुद्ध खारिज किए जाने का आरोप लगाते हुए जिला कलेक्टर से जांच एवं कार्रवाई की मांग की है

शिकायतकर्ता ने जनसुनवाई में दिए आवेदन में बताया कि ग्राम बगैया स्थित भूमि आराजी क्रमांक 567/3292 रकबा 1.4300 हेक्टेयर के बंटवारे हेतु 04 फरवरी 2026 को आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें वह कई पेशियों में उपस्थित भी हुआ आरोप है कि अंतिम पेशी 25 मार्च 2026 को हुई, जहां कार्यालय में पदस्थ बाबू द्वारा यह कहकर वापस भेज दिया गया

कि अब आने की आवश्यकता नहीं है और जल्द आदेश जारी हो जाएगा लेकिन बाद में लोक सेवा केंद्र में जानकारी लेने पर पता चला कि प्रकरण को 09 मार्च 2026 को ही खारिज कर दिया गया था शिकायतकर्ता का कहना है कि खारिज आदेश की जानकारी उसे समय पर नहीं दी गई पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पूर्व में नामांतरण प्रकरण में रिश्वत की मांग की गई थी और शिकायत करने के बाद से ही उसके प्रकरण में जानबूझकर विलंब एवं प्रतिकूल कार्रवाई की जा रही है मामले में उसने दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ जांच कर कार्रवाई तथा बंटवारा प्रकरण का निराकरण कराने की मांग जिला कलेक्टर से की है

## संक्षिप्त समाचार

# हिंदुस्तान ओलंपियाड झांसी में छात्र छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

क्यूँ न लिखूँ सच/पवन कुमार/ झांसी डीएम और एसएसपी ने प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार प्रदान किये कोंच(जालौन)।



हिन्दुस्तान ग्रुप द्वारा आयोजित हिन्दुस्तान ओलंपियाड मे मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल कोंच दबदबा रहा इस स्कूल के छात्र एवम छात्राओं मे युवराज पटेल, गौरी पटेल, और प्रख्यात पटेल ने जूनियर श्रेणि मे जिले मे प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया द्य हिन्दुस्तान ग्रुप के द्वारा झाँसी के दीन दयाल सभागार मे पुरस्कार सम्मान समारोह मे अतिथि के रूप में झाँसी के जिलाधिकारी गौरांग राठी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी.बी.टी. मूर्ति जी के द्वारा बच्चों को 31 सो 21 सो 11 सो रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करने का कार्य किया है इस विद्यालय के प्रधानचार्य आनंद पांडेय भी को हिन्दुस्तान ग्रुप स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया द्य विद्यालय परिवार ने सभी बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की है द्य इस अच्छे कार्य को लेकर नगर में विद्यालय प्रबंधन की खूब सराहना की जा रही है

रिपोर्टर

# अब घर बैठे मिलेगा रोजगार... सरकार दे रही फ्री दोना मेकिंग मशीन

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/ बरेली। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने ग्रामीण युवाओं और कारीगरों के लिए निशुल्क मोटराइज्ड दोना मेकिंग मशीन वितरण योजना शुरू की है।बरेली के जिला ग्रामोद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और स्वावलम्बन को बढ़ावा देने के लिए पात्र लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। इस योजना के तहत दोना मेकिंग कार्य से जुड़े पारंपरिक कारीगरों के साथ-साथ इस कार्य में रुचि रखने वाले अन्य अभ्यर्थियों को भी मुफ्त मशीनें दी जाएंगी। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयन जनपद स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी upkvib.gov.in पर जाकर Tool Kits विकल्प के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद पूर्ण रूप से भरा आवेदन पत्र और जरूरी दस्तावेज जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, 35 यू/4ए रामपुर बाग, बरेली में 27 मई 2026 शाम 5 बजे तक जमा करने होंगे। आवेदन के साथ आधार कार्ड, राशन कार्ड, फोटो, शैक्षिक प्रमाण पत्र और जाति प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा। 0581-2567395 अधिक जानकारी के लिए फोन पर संपर्क किया जा सकता है।


# कबाड़ी का खेल बेनकाब किसान को बेच दी चोरी की हैरो, अब दे रहा जान से मारने की धमकी

क्यूँ न लिखूँ सच/पं सत्यमशर्मा/बरेली । नवाबगंज क्षेत्र में एक कबाड़ी की करतूत ने किसान को मुश्किल में डाल दिया। आरोप है कि कबाड़ी ने किसान को चोरी की हैरो बेच दी। जब किसान को इस बात की जानकारी हुई और उसने अपने पैसे वापस मांगते हुए हैरो लौटाने की बात कही, तो कबाड़ी उल्टा गाली-गलौज पर उतर आया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पीड़ित किसान ने अब पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। मामला नवाबगंज थाना क्षेत्र के दलेल नगर गांव का है। गांव निवासी नत्थूलाल का आरोप है कि करीब एक माह पहले उन्होंने बरखन गांव स्थित एक कबाड़ की दुकान से 43 हजार 500 रुपये में हैरो खरीदी थी। कुछ दिन बाद उन्हें पता चला कि जो हैरो उन्हें बेची गई, वह चोरी की निकली। इसके बाद किसान कबाड़ी के पास पहुंचा और हैरो वापस लेकर रकम लौटाने की बात कही, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करता रहा। आरोप है कि बाद में उसने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित किसान ने पूरे मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है। अब देखना होगा कि पुलिस कबाड़ी के खिलाफ क्या कदम उठाती है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# Morning Headache: A headache as soon as you wake up in the morning, could it be a brain tumor? Find out from a doctor.

A severe headache upon waking may seem like a common problem, but sometimes it can be a sign of a serious problem within the body. Could it be a sign of a brain tumor? Let's explore this in detail. Do you also experience a severe headache as soon as you wake up in the morning, a feeling of your head splitting? If so, don't take it lightly; morning headaches can sometimes be a warning sign of a serious problem. Doctors say that morning headaches are common in conditions like sleep disorders, high blood pressure, migraines, and sleep apnea. However, in some cases, they can also be a sign of conditions like a brain tumor. Changes in blood pressure and hormone levels in the morning can trigger headaches in some people. Some neurological diseases also cause more headaches in the morning. Now the question is, how do you know if your morning headache is a brain tumor? Senior neurologist Dr. Vedant Prakash explains that morning headaches aren't always caused by brain tumors. In cases of brain tumors, morning headaches are often severe and persistent. Common painkillers may not provide relief. Other symptoms, such as nausea, vision changes, or confusion, may also appear. Doctors advise that if your headache is accompanied by symptoms like difficulty speaking, weakness in any part of the body, memory loss, frequent vomiting, or fainting, you should immediately consult a neurologist. However, sometimes morning headaches aren't considered a sign of a tumor. They can often be a symptom of other lifestyle problems. Do you have sleep apnea? Sleep apnea is a condition in which breathing repeatedly stops during sleep. This prevents the brain from getting enough oxygen, which can lead to headaches upon waking. Doctors say that morning headaches are quite common in people with obstructive sleep apnea. Low oxygen levels overnight affect the blood vessels in the brain, which can lead to a heavy head in the morning. Obesity, smoking, alcohol, and excess fat around the neck increase the risk. Long-term sleep apnea can increase the risk of high blood pressure and heart disease. High blood pressure can also be a cause: Morning headaches can sometimes be caused by high blood pressure. People with frequently high blood pressure are more likely to experience severe headaches. Uncontrolled blood pressure increases pressure on the blood vessels in the brain. Headaches caused by high blood pressure are often felt in the back of the head. Some people may also experience dizziness, blurred vision, and restlessness. If blood pressure rises too high, it can even lead to the risk of stroke. Dehydration and stress-related headaches: Drinking less water and experiencing excessive stress are also considered to increase the risk of morning headaches. The body remains without water for several hours overnight, which can lead to dehydration in the morning. This can cause headaches in many people. In times of stress, the body releases stress hormones, which can also cause headaches. People who frequently experience sleep disruptions due to stress are more likely to experience morning headaches. Excessive caffeine consumption, excessive mobile phone use, and irregular daily routines can also contribute to headaches.



# Women's Health Tips: What are the benefits of eating cranberries? Learn how effective cranberry juice is for UTIs.

Cranberries are considered very beneficial for women. They are often advised to make juice and drink it. Let's find out the benefits of drinking it. Cranberry juice is considered a superfood drink. It is especially beneficial for women's health. Its antioxidants, vitamin C, and essential nutrients provide numerous benefits to the body. Doctors and health experts often advise women to include it in their daily diet. It not only strengthens the immune system but also helps prevent problems like urinary tract infections (UTIs). In today's times when lifestyles and eating habits are rapidly changing, cranberry juice emerges as a natural and healthy option. If you're unsure about its benefits, read this article to the end. What are the benefits of drinking cranberry juice? Cranberries contain compounds that prevent bacteria from adhering to the walls of the urinary tract. This may reduce the risk of recurring UTIs. They contain vitamin C and antioxidants, which boost the body's immune system and help fight infections. Cranberries help remove toxins from the body, improving kidney and urinary system function. They may also help lower bad cholesterol and improve blood circulation, supporting heart health. Antioxidants protect the skin from free radicals, which can lead to clear and healthy skin. How effective is cranberry juice for UTIs? Cranberry juice isn't a cure for UTIs, but it's considered quite useful as a preventative measure. According to research, it may help reduce the risk of recurring UTIs in some people. It prevents bacteria from sticking to the walls of the urinary tract - it may help relieve mild or non-specific symptoms. In severe UTIs, antibiotic treatment is necessary, so consider it a supportive drink, not a substitute for treatment. How to consume it correctly? Unsweetened cranberry juice is best - 1 glass a day is sufficient. Avoid overly sweet or packaged juices. Do not consume continuously for a long time without consulting a doctor.



# Instagram Chat Privacy: End-to-end encryption removed from Instagram, find out how safe your Instagram chats are.

People already had doubts about Instagram chat privacy, but now end-to-end encryption has also been removed. In this article, let's understand how safe your privacy is on Instagram. As of last Friday, May 8th, Instagram removed end-to-end encryption from Instagram chats. End-to-end encryption means that only you and the person you're messaging can access your conversations; not even Meta itself can access them. Therefore, those concerned about their privacy are wondering whether chatting on Instagram is safe anymore. It's worth noting that Meta can now use the data you share on Instagram to show you advertisements. Let's understand this in detail in this article. What is end-to-end encryption? When you send a message, end-to-end encryption means that your message is locked (encrypted) as soon as it leaves your phone. Only you and the person you're sending it to (the receiver) can unlock (read) it. How secure is your chat? If a chat isn't end-to-end encrypted, Meta or any third party can see or listen to your texts, photos, or calls. Chats that aren't encrypted can be reviewed by the company to check for violations of the Community Guidelines. How to maintain privacy? Always use two-step authentication (2FA) to keep your Instagram account secure. Avoid sharing any sensitive information; use another app that's already end-to-end encrypted. Important tips for general users: Always keep your Instagram app updated to the latest version to receive the latest security patches. If you backup chats to the cloud, make sure that the



# British singer Dua Lipa has filed a lawsuit against a leading tech company, alleging misuse of a copyrighted photo and seeking damages.

**British pop star Dua Lipa has filed a lawsuit against a leading tech company, claiming misuse of one of her copyrighted photos. She has also sought millions in damages from the company.**



British singer Dua Lipa has filed a lawsuit against an electronics giant, claiming the company used one of her photos without permission. Dua Lipa has taken legal action against the company, seeking millions in damages. According to news agency ANI, "Singer Dua Lipa has filed a lawsuit against tech company Samsung for $15 million (approximately Rs. 125 crores). She alleges that the company used her photo on TV packaging without her permission." What is the complaint alleging? According to The Hollywood Reporter, the lawsuit was filed on Friday in the Central District of California. The Grammy-winning singer has accused tech giant Samsung of copyright infringement, trademark infringement and violation of her right of publicity. She alleges that the company allegedly used her photo to promote and sell televisions. Copyrighted photo used without permission According to the complaint, Dua Lipa claimed that a backstage photo of her taken during the Austin City Limits Music Festival in 2024 was used on the packaging of several models of Samsung televisions starting in 2025. The singer said that she owns the copyright of that photo. The lawsuit alleges that Samsung prominently used her photo on the front of television boxes, without obtaining the singer's permission or compensating her for the use. Continued use of photo despite being asked to stop - According to The Hollywood Reporter, the lawsuit states, "Due to Dua Lipa's popularity and reputation, Samsung used a copyrighted photo of her without permission or license and prominently displayed it on the front of cardboard boxes for self-made televisions that were for sale." Dua also claims that the company continued using her photo despite being asked to stop. The complaint called Samsung's response careless and insensitive. According to the publication, the lawsuit also argues that using Dua Lipa's photo on product packaging could mislead customers into believing that Dua has officially endorsed Samsung televisions. The complaint also cites several comments by users on social media who allegedly assumed the singer was associated with the campaign.

# Sharvari wanted to become a civil engineer, but one question changed her entire life; this is how she entered the world of films.

**Sharvari is considered one of Bollywood's rising stars today, but few people know that she never wanted to become an actress, but a civil engineer. In a recent interview, Sharvari made an**





interesting revelation about her career and dreams. Sharvari is currently appearing in her upcoming film opposite Vedang Raina and is busy promoting the film. She revealed that she loved acting workshops as a child, but never considered becoming an actress. Find out what the actress had to say. The actress wanted to become a civil engineer - In an interview with Hindustan Times, the actress revealed that she took the science stream in 11th grade because she dreamed of becoming a civil engineer. Her father is a builder and her mother is an interior designer and architect, so she felt that path was right for her. Sharvari said, "I never tried to convince my parents to pursue acting because they always supported my dreams." During college, I participated in a talent competition, and after winning, I started getting auditions. This question changed her life. Although she initially treated it as an experiment, her parents sensed her passion for acting. Sharvari explained, "One day, my parents asked me, 'Do you want to be an actress?' That moment changed everything. I had never said it to myself, but when they said it out loud for the first time, it gave me courage. I dreamed about it every night, but couldn't admit it to myself." Sharvari said that she simply said "yes" to that question and never looked back. Sharvari's work front: On the work front, Sharvari gained recognition among audiences with the 2024 film "Munjya." In the coming time, she will be seen in Imtiaz Ali's "Main Wapas Aaunga." Apart from this, in the coming time, she will also be seen in films of big filmmakers like Sooraj Barjatya and Aditya Chopra.

# Arjun Kapoor celebrated his career and the 14th anniversary of "Ishaqzaade," writing, "Parma meant everything to me..."

**Arjun Kapoor began his film career with "Ishaqzaade." Today marks the release of this film and the completion of 14 years of Arjun's acting career. On Monday, actor Arjun Kapoor**



celebrated 14 years in - Bollywood. His debut film, "Ishaqzaade," also completed 14 years. To mark the occasion, Arjun shared a special post on social media. Arjun's post: Arjun shared some special sketch-based stills from the film "Ishaqzaade" on Instagram. Along with these images, Arjun wrote, "Even after 14 years, Parma feels like the beginning of everything to me." Arjun further wrote, "The film 'Ishaqzaade' was the beginning of my acting career, cinema, and my journey with all of you, which continues." "Ishaqzaade" is set in the fictional town of Almora in Uttar Pradesh. Arjun Kapoor plays Parma Chauhan and Parineeti Chopra plays Zoya Qureshi. Both come from rival political families. Their love story breaks down religious and social barriers in society. It is a romantic action drama. Directed by Habib Faisal, the film was produced under the banner of Yash Raj Films. It was an official remake of the Bengali drama 'Dujoney'. "Ishaqzaade" stars Arjun Kapoor and Parineeti Chopra in lead roles. Gauahar Khan, Natasha Rastogi, and Anil Rastogi also play supporting roles. Arjun Kapoor made his acting debut in this film with the role of Parma. Arjun Kapoor's work front: Arjun Kapoor was last seen in the film "Mere Husband Ki Biwi" alongside Rakul Preet Singh and Bhumi Pednekar. He hasn't officially announced his next project yet, but he has hinted at some exciting films coming up.